प्रथम संस्करण आश्विन, २००५ वि०
१५०० अक्तूबर, १९४८ ई०

प्रकाशक

हिन्दी साहित्य सम्मेलन
प्रयाग

मूल्य १५)

मुद्रक

ला प्रिंटिंग प्रेस
इलाहाबाद

ADMINISTRATIVE DICTIONARY

(16,000 Administrative Terms)

Chief Editor—**Rahula Sankrityayana.**
Editors—**Vidya Niwas Misra, M. A. and**
Prabhakar Machwe, M. A.

Hindi Sahitya Sammelan

Allahabad
1948

वक्तव्य

स्वतंत्र भारतमें हिन्दीके ऊपर नये राष्ट्र के निर्माण का बड़ा भारी उत्तरदायित्व आ गया है। नये राष्ट्र की भाषासम्बन्धी सारी आवश्यकताओं को पूरी करने के लिये, हिन्दी को महान् शब्दनिधि की आवश्यकता है। हिन्दी साहित्य सम्मेलन ने इसीलिए परिभाषा-कोश का काम उठाया है, और प्रस्तुत "शासन-शब्द-कोश" इस योजना का प्रथम प्रयास है। इसमें कितना परिश्रम किया गया है, और हिन्दी के स्वतंत्र विकास के अनुरूप ही शब्दों का कहाँ तक चयन हुआ है, इसका निर्णय विज्ञ पाठक ही करेंगे। हमें यहाँ पर केवल यही कहना है कि इतने कम समय में इतना सर्वांगीण और समन्वित कोश जो प्रस्तुत हो सका है, वह केवल श्रद्धेय राहुलजी की अथक कर्मठता और उनके सहयोगियों, विशेष करके श्रीविद्यानिवास मिश्र की लगन और जागरूकता का फल है।

हमें इस पुस्तक को पाठकों के सामने रखते हुए इसलिए और भी अधिक गौरव और हर्ष का भान हो रहा है कि हिन्दी साहित्य सम्मेलन द्वारा ही सर्वप्रथम ऐसा प्रयत्न इतने समन्वित और सुचारु रूप में स्वतंत्र राष्ट्र के सामने रखा जा रहा है।

ज्योति प्रसाद मिश्र 'निर्मल'
साहित्य मंत्री,
हिन्दी साहित्य सम्मेलन

भूमिका

स्वतंत्र भारत में अपनी भाषा को राजभाषा का पद मिलना स्वाभाविक है। हमारे हिन्दी भाषा-भाषी प्रान्तों में युक्त-प्रान्त की सरकार ने सर्वप्रथम हिन्दी को राजभाषा घोषित किया, जिसके लिए माननीय पन्त जी और श्रद्धेय टण्डन जी को बहुत अधिक श्रेय है। परन्तु राजभाषा घोषित भर कर देने से काम नहीं चलने वाला है। हिन्दी में वह शब्द-सम्पत्ति भी होनी चाहिए, जो कि राजकीय व्यवहार के सभी अंग्रेजी शब्दों का स्थान ले सकें। हमारे कार्य को इतना शीघ्र सम्पन्न करने में श्रद्धेय टण्डन जी की ही प्रेरणा कारण हुई। और इसीसे अप्रैल की गर्मियों में हम और हमारे सँचायकों ने रात-दिन लग कर १३ हज़ार से ऊपर शब्दों को एकत्रित किया।

आरंभ ही से हमारा विचार रहा कि शब्द-संग्रह में जहाँ तक हो सके, कोई शब्द छूटने न पाये।

शब्द-संग्रह में २–३ वर्ष पूर्व सम्मेलन की ओर से जो प्रयत्न हुआ था, उसने हमें उपक्रमभूमि देने में सहायता की। उस प्रयत्न में बंगला, मराठी, गुजराती आदि भाषाओं से शब्द लिये गये थे और कुछ स्वतंत्र पर्याय भी बनाने की कोशिश की गयी थी। किन्तु, वह काम बिल्कुल आरंभिक था।

इसके बाद हमने शब्दनिधि को और बढ़ाया, इसमें अनेक ग्रन्थों से हमें सहायता मिली, जिनमें से उल्लेखनीय ग्रन्थों की सूची अन्यत्र दी जा रही है। अंग्रेजी शब्दों को क्रम से संचित करके जितने पर्याय हमें दूसरे ग्रन्थों से मिल सके और जिन पर्यायों को हम स्वयं बनाते गये, उन पर पुनः विचार करके, हमने कितने ही पर्याय निश्चित किये। इन पर्यायों में भी कुछ को हमने विशेष महत्व का समझा और दूसरों को भिन्न-भिन्न प्रान्तों और व्यवहारकर्त्ताओं को पर्याप्त स्वतंत्रता देने के लिए भी आवश्यक समझ कर रखा। इनमें प्रथम श्रेणी के शब्द कोश के द्वितीय स्तंभ में मिलेंगे और दूसरी कोटि के अन्तिम स्तंभ में।

हमारा विश्वास है, कि परिभाषा-रचना का काम जितने ही अधिक मस्तिष्क मिल कर करें, उतना ही अच्छा होगा, इसलिये हमें अपने किसी शब्द के लिए आग्रह नहीं होना चाहिए। हिन्दी की परिभाषायें केवल महाप्रदेश (युक्त-प्रान्त, विहार, मध्यप्रान्त, विन्ध्यप्रदेश, मालव-संघ, राजस्थान-संघ, मत्स्य-संघ, हिमाचल-प्रदेश और पूर्वी पंजाब तथा राजस्थान के असंघबद्ध राज्यों) के लिए ही नहीं हैं। भारत के सभी प्रान्तों की परिभाषायें संस्कृत से बनती रही हैं—वही दार्शनिक शब्द हिमालय से सेतुबन्ध तक प्रयुक्त होते रहे हैं। हमारे शब्द-कोश में भी इसी मूल सिद्धान्त का ग्रहण करना स्वाभाविक था। हिन्दी और बंगला में प्रयुक्त होने वाले संस्कृत शब्दों में शायद हज़ार में एक शब्द भिन्न हो। ऐसी अवस्था में हमारे लिए यह आवश्यक था कि दूसरे प्रान्तों के विद्वानों की भी सहायता प्राप्त की जाय। शब्दकोश टाइप हो जाने के बाद हमारे दोनों सहयोगी श्री विद्यानिवास मिश्र एवं श्री प्रभाकर माचवे कोश लेकर पहिले कलकत्ता गये। हमें मालूम था; कि राजकीय शब्दों के लिए पश्चिमी बंगाल की सरकार ने श्रीयुत राजशेखर वसु, श्री सुनीति कुमार चट्टोपाध्याय, श्री रमेशचन्द्र मजूमदार जैसे देश के विख्यात विद्वानों की परिभाषा-संसद् बना रखी है, जिनके प्रथम कार्य "सरकारी कामों में व्यवहार्य परिभाषा" का अपने ग्रन्थ में हम उपयोग भी कर चुके थे। हमारे सहयोगी कलकत्ता में १५ दिन रहे और बंगाल के विद्वानों से हमें आशा से भी अधिक सुझाव और रचनात्मक आलोचना सहायता के रूप में प्राप्त हुई। परिभाषा-संसद् के सदस्यों के साथ हमारी तीन संयुक्त बैठकें हुई और परिभाषा-निर्माण के सिद्धान्तों और शब्दों के विषय में खुल कर, जहां विचार विनिमय हुआ, वहां उसी भारतव्यापी आत्मीयता का परिचय भी मिला। प्रत्येक विद्वान् ने इसे अपना काम समझ कर हार्दिक सहयोग दिया और कितने ही शब्दों के अन्तिम रूप के निर्णय में उनके सुझाव बड़े सहायक हुए। परिभाषा-संसद् के अतिरिक्त बंगाल के पत्रकार-बंधुओं का भी हमारे काम में बहुत सहयोग रहा है। कलकत्ता की इस यात्रा से मालूम कि यदि भारत के सभी प्रान्तों (आसाम, उड़ीसा, आन्ध्र, तमिलनाड, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और सौराष्ट्र) के विद्वानों से मिलने का अवसर मिलता, तो हमारा काम और भी सुन्दर होता। हमें इस बात का पछतावा है कि हिन्दी-प्रान्तों के बाहर बंगाल और उड़ीसा तक ही में हमारा यह कार्य हो सका। लेकिन इस प्रथम संस्करण को हम इसीलिए थोड़ी संख्या में निकाल रहे हैं, कि जिसमें शब्दकोश की प्रथम प्रतियाँ भिन्न-भिन्न प्रान्तों के भाषाविदों के पास पहुँच कर हमारा प्रतिनिधित्व करें। हमें

आशा है, सभी विद्वान् अपने सुझावों के साथ त्रुटियों को दिखलाते हुए क्रियात्मक रूप से हमारी सहायता करेंगे—विशेष कर दक्षिण के विद्वानों से इस विषय में हम अधिक सहायता चाहते हैं। अपने परिमित समय में प्रयत्न करने पर भी हमें तेलगू, तमिल, मलयालम और कर्नाटक भाषाओं के इस विषय के प्रयत्नों की सामग्री प्राप्त न हो सकी। हम जानते हैं, हमारी एकांगीनता को दूर करने के लिए उनके सुझाव बहुत लाभदायक होंगे। कलकत्ता के बाद हमारे सहयोगी कटक पटना और नागपुर भी गये। कटक में उड़ीसा के प्रधानमंत्री महताब जी, सभाध्यक्ष श्री लालमोहन पटनायक, और शिक्षा-मंत्री श्री लिंगराज मिश्र ने हमारे कार्य में बड़ी दिलचस्पी दिखलाई। बिहार में वहाँ के सभाध्यक्ष माननीय श्रीविंध्येश्वरी प्रसाद वर्मा, प्रधान-मंत्री श्री श्रीकृष्ण सिंह, प्रान्तीय कांग्रेस के अध्यक्ष पं० प्रजापति मिश्र और सभासचिव श्री शारंगधर सिंह से विचार-विनिमय हुआ, जिससे हमें बहुत सहायता मिली। नागपुर में बहुत पहिले से परिभाषाओं के ऊपर डा० रघुवीर की अध्यक्षता में काम हो रहा है, जिसमें मध्यप्रान्त के सभाध्यक्ष श्रीघनश्याम सिंह गुप्त क्रियात्मक रूप से भाग लेते हैं। यह हो नहीं सकता था, कि हम नागपुर के कार्य से परिचित होने का प्रयत्न न करते। इनके अतिरिक्त वहाँ हमारे दोनों सहयोगी प्रधानमंत्री श्री रविशंकर शुक्ल एवं गृह मंत्री श्री द्वारिकाप्रसाद मिश्र भी से मिले। दोनों मंत्री हिन्दी के मर्मज्ञ हैं। उनके विचारों से हमने लाभ उठाया। डा० रघुवीर ने अपनी अमुद्रित सामग्री का उपयोग करने का अवसर देकर हमारी विशेष सहायता की। प्रयाग में श्री रमणीकान्त सूर से कई शब्दों के चुनाव के बारे में सहायता मिली।

परिभाषा-निर्माण में हमने जिस पद्धति का अनुसरण किया है, वह संक्षेप में निम्न प्रकार है—

किसी भी अंग्रेजी या अन्य पारिभाषिक शब्द का पर्यायवाची पहिले प्रचलित देशज शब्दों में देखें। यदि वहां न मिले तो नया शब्द बनाया जाय, जिसमें शब्द को प्रयोग में लाने वाले वर्ग या जनसाधारण का ध्यान रखा जाये। जहाँ केवल सैद्धान्तिक अथवा विज्ञान-विषयक शब्दावली हो (जैसे वनस्पति-विज्ञान, प्राणी-विज्ञान आदि), वहाँ संस्कृत से सहायता लेना आवश्यक है। इसमें इन बातों का भी ध्यान रखा जावे—

(क) समानव्युत्पत्ति वाले शब्दों के ग्रहण में एकता का ध्यान रखा जाये, परन्तु वह एकता यांत्रिक न हो कर भाषा के विकास में जैसी विकास की स्वतंत्रता देखी जाती है, वैसी ही हो।

(ख) शब्दों के निर्माण में समास करते समय संस्कृत-असंस्कृत का कोई विचार न रखा जाये, केवल यह ध्यान अवश्य रखा जाये, कि वह जनसाधारण को खटकने वाला न हो।

(ग) बड़े, सामासिक, उच्चारण-क्लिष्ट शब्दों की अपेक्षा व्यस्त, सरल शब्द अधिक उपयोगी होंगे।

शासन-शब्दकोश परिभाषा-निर्माण की बृहद् योजना का प्रथम प्रयास है। हम चाहते हैं कि कम से कम समय में सभी विषयों की पूर्ण परिभाषायें बना दी जायें, जिसमें मातृभाषा द्वारा माध्यमिक और उच्चशिक्षा की कठिनाइयाँ दूर हो जायें। सम्मेलन चाहता है, कि देश की अन्य संस्थाओं, के जो इस क्षेत्र में काम कर रही हैं, काम में सहायता दी जाय और प्रयत्न किया जाय कि एक ही विषय पर कई संस्थायें और भाषायें काम करके श्रम, समय और धन का अपव्यय न करें।

इसीलिए जिन विषयों पर हमारी शब्द-निर्माण-सम्बन्धी नीति के अनुसार अन्यत्र कार्य हो रहा है, उन्हें हम अपने हाथ में नहीं ले रहे हैं। जिन विषयों को हम हाथ में ले भी रहे हैं, उनके बारे में भी हम चाहते हैं, कि भिन्न-भिन्न भाषा-भाषी विद्वान् हमारे कार्य में हाथ बँटायें। जब बंगला और हिन्दी के पारिभाषिक शब्दों में दस हजार में दो तीन सौ शब्दों ही का अन्तर है, तो क्यों न हम कुछ विषयों को बंगभाषी विद्वानों को सौंप दें। और हमने चिकित्सा-विज्ञान की परिभाषाओं का काम एक बंगभाषाभाषी विद्वान् को सौंपा भी है। इसी प्रकार हम चाहते हैं कि गुजराती, मराठी, तेलगू आदि भाषाओं के विद्वानों को भी अपने कार्य में सहभागी बनायें। हम तत्तद् विषय की परिभाषाओं का, जहाँ तक हो सके, पूरा और नवीनतम संग्रह तैयार करना चाहते है।

परिभाषा-निर्माण योजना में हमने निम्न-विषयों को सम्मेलन परिभाषा-कोश के लिए चुना है।

१—प्राणि-पालन	(पशु-पालन, पक्षि-पालन, मत्स्य-पालन, मक्षिका-पालन, रेशमकृमि-पालन)।
२—वन-उपवन-विज्ञान	(फलोद्यान, पुष्पोद्यान, वन, काष्ठ, इन्धन)।
३—कृषि-विज्ञान	(कृषि, कृषियंत्र, आहार-विज्ञान, खाद-विज्ञान, कृषि-रोग-विज्ञान)।
४—भू-शास्त्र	(खनि-विद्या, खनिज-विज्ञान, धातुशोधन-शास्त्र, खनन-विद्या)।
५—धातु-उद्योग	(ढलाई, गलाई, टाइप-गलाई, जुड़ाई, फौलाद-उद्योग, अलमोनियम-उद्योग)।
६—परिधान-निर्माण	(वयन, पट-निर्माण, ऊन-निर्माण, रेशम-निर्माण, मोजा-बनियाइन-निर्माण, फीता-निर्माण, लिनेन-निर्माण, जूट-निर्माण, कताई, बुनाई)।
७—चर्म-उपकरण-निर्माण	(उपानत्, चर्मशोधन, चर्म, अजिन, हस्तत्राण)।
८—गृहोपकरण-निर्माण	(गृह-अलंकरण, घट-निर्माण, धातुपात्र-निर्माण, उपकरण-निर्माण)।
९—अध्ययनोपकरण-निर्माण	(कागद-निर्माण, पुस्तकबन्धन, मुद्रण, टाइपिंग, सालक्लोस्टाइल)।
१०—प्रसाधन	(साबुन, तैल, इत्र, मुखचूर्ण, धावन, भूषण आदि)।
११—पौर-इंजीनियरी	(नहर-निर्माण, तड़ाग-निर्माण, कूप-निर्माण, राजपथ-निर्माण, सेतु-निर्माण, बाँध-निर्माण, पलस्तर, मापविद्या, संस्थान, परिमाप, गृह-निर्माण)।

१२—यांत्रिक इंजीनियरी, जल इंजीनियरी, उदवाह-विज्ञान।

१३—विद्युत् इंजीनियरी।

१४—रसायन इंजीनियरी।

१५—यन्त्र-विज्ञान	(कृषियंत्र, साधन, यन्त्रसाधन, स्वयंवह, पोत, विमान, अन्तर्वाष्पचालित इंजन, इंजन, घटिका-विज्ञान, अणुवीक्षण-विज्ञान, दूरवीक्षण-विज्ञान,)।
१६—विद्युत्चुम्बक-विज्ञान	(विद्युदाधार, विद्युत्संवाहन, विद्युत्शास्त्र, प्रदीपन, औद्योगिक-तापन, चुम्बक-विज्ञान, परमाणुयन्त्र-विज्ञान, तापिक विद्युत्कण)।
१७—तार-बेतार-विज्ञान	(रदियो, रदियोशास्त्र, तार, स्वयंचालित तेलीफोन, तेलीफोन, तेलीवीक्षण, बेतार-यन्त्र)।
१८—छायाचित्र-विज्ञान	(फोटोग्राफी, सिनेमा, फोटोविद्युत्कण)।
१९—आयुध-विज्ञान	(तोप, लघु-आयुध, युद्धोपकरण)।
२०—युद्ध-शास्त्र	(रसायनयुद्ध, गैसयुद्ध, विस्फोटक-शास्त्र, युद्ध-कूटनीति, सैन्यरचना)।

२१—तक्षण, लोहकार, स्वर्णकार, ताम्रकार।

२२—स्थापत्य-शास्त्र	(आर्किटेक्चर)।
२३—स्फटिकोद्योग	(काच-उद्योग, चश्मा-उद्योग, लोचन-विज्ञान, स्फटिक-विज्ञान)।
२४—ओषधि-विज्ञान,	पोषण-तत्त्व, जीवन-तत्त्व,।
२५—निदान-शास्त्र	(मनोव्याधि, मनोनिदान, शरीरनिदान)।

२६—शरीर-विज्ञान, शरीरांग-विज्ञान, गर्भ-विज्ञान, जननशास्त्र, अणुशरीर-विज्ञान, प्रसव-विज्ञान।

२७—शल्यचिकित्सा, पशुचिकित्सा।

२८—औद्योगिक रसायन	(प्लास्तिक, गैस-उपकरण, आसव-विज्ञान, गैस-निर्माण)।

२९—कीट-जीवाणु-विज्ञान, जीवकोश-विज्ञान, प्राणिलोक।

३०—पौर स्वास्थ्य	(स्वच्छता पौर-मल-विसर्जन)।

३१—अन्तरिक्ष-विज्ञान

३२—नौचालन (सागर-विज्ञान) ।
३३—रेल-विज्ञान (रेल इंजीनियरी, संकेतन, यातायात) ।
३४—यन्त्रागार इंजीनियरी
३५—ललितकला (चित्रकला, मूर्त्तिकला, संगीत कला, प्लास्तर मूर्त्ति-विद्या) ।
३६—मनोविज्ञान, मनोविश्लेषण ।
३७—भाषा-तत्त्व ।
३८—समाज-विज्ञान
३९—पुरातत्त्व
४०—दर्शन

अन्त में हम उन सभी सज्जनों को हार्दिक धन्यवाद देते हैं, जिनकी सहायता के बिना यह भारी कार्य इतने कम समय में नहीं हो सकता था। प्रस्तुत संस्करण में मुद्रण की अशुद्धियाँ बहुत रह गयी हैं, लेकिन जितनी जल्दी में पुस्तक को निकालना आवश्यक समझा गया, उसमें ऐसा होना स्वाभाविक था। हमारा यह संस्करण केवल १५०० का है, जो कि माँग की दृष्टि से बिल्कुल कम है। परन्तु ऐसा करना ग्रंथ में आगे जल्दी सुधार और संशोधन करने के लिए अत्यावश्यक था। हमें पूरी आशा है, कि इस विषय में रुचि रखने वाले विज्ञ पाठक हमें संशोधित संस्करण निकालने में सहयोग देंगे।

—राहुल सांकृत्यायन

प्रयाग —विद्यानिवास मिश्र

२५-१०-१९४८ —प्रभाकर माचवे

सहायक ग्रन्थ-सूची

१. दी शार्टर आक्सफोर्ड इंग्लिश डिक्सनरी-विलियम लिटिलु एच० डबल्यू० फाउलर, जे काउल्सन १९४४

२. दी रूट्स, वर्बफार्म्स एण्ड प्राइमरी डेरीवेटिव्स आफ़ दी संस्कृत लेंग्वेज — विलियम ह्वाइट ह्विटनी — १९४५

३. डिक्शनरी आफ़ सीनॉनिम्स — वेब्स्टर

४. संस्कृत-इंग्लिश डिक्शनरी — मोनियर विलियम्स

५. इंग्लिश संस्कृत डिक्शनरी — वी० एस् ०आप्टे

६. न्यायालय शब्द-कोष — हिन्दी सभा, सीतापुर — १९४८

७. न्यायालय शब्द-संग्रह — श्रीजगदीश शरण अग्रवाल (बरेली) — १९४८

८. वर्ड्स आफ़ जेनरल यूज़ इन दी लेजिस्लेटिव असेम्बलीज़ रेंडर्ड इन्टू हिन्दी — श्री घनश्याम सिंह गुप्त, स्पीकर, (नागपुर) — १९४८

९. राजकीय कोष (डिक्शनरी आफ़ आफ़िस टर्म्स) — श्रीगोरखनाथ चौबे — १९४८

१०. दी ट्वेन्टीएथ सेंचुरी इंग्लिश हिन्दी डिक्शनरी — श्रीमुखसम्पति राय भण्डारी (अजमेर)

११. शासन शब्द-संग्रह — श्रीहरिहरनिवास द्विवेदी (ग्वालियर)

१२. पाकेट इंग्लिश-रशियन डिक्शनरी — जार्ज जी हैरप — लन्दन १९४४

१३. रशियन इंग्लिश डिक्शनरी — बोयानुस् क्युल्वेर — मास्को

१४. माडर्न इंग्लिश यूसेज — एच० डब्ल्यू० फाउलर — आक्सफोर्ड

१५. ट्रेज़र्स आफ़ इंग्लिश वर्डस ऐण्ड फ्रेज़ेज — एव्री मैन्स लाइब्रेरी

१६. सिद्धान्त कौमुदी

१७. टर्मिनालो जी टू बी यूज्ड इन पब्लिक सर्विसेज — गवर्नमेण्ट आफ़ वेस्ट बंगाल — १९४८

१८. सयाजी राव शासन-शब्द-कल्पतरु — बड़ौदा सरकार — १९३१

१९. आल-इंडिया-रेडियो लेक्सिकन

२०. भारतीय संविधान का प्रारूप — नागपुर, १९४८

२१. धर्म-कोश भाग १. २, ३

सूचना—इस कोश में व्यवहृत संकेतों में (र०) से आचार्य रघुबीर का शब्द समझना चाहिये, और (बँ) से पश्चिमी बंगसरकार की परिभाषा-संसद् का शब्द ।

HAREKRISHNA MEHTAB,

Prime Minister,

Home, Finance and Planning,

Orissa.

Cuttack

The 5th Sept., 1948.

We had the pleasure to meet Mr. Prabhakar Machwe, who had brought the Political Dictionary prepared by the Hindi Sahitya Samilan with him. We appreciate the work done by Rahul Sankrityayan in this direction and as we have cursorily seen the dictionary we feel that the terms being mostly based on Sanskrit, there should not be any difficulty in adopting such a common administrative terminology throughout all the provinces. As Bengali scholars of repute have appreciated it, we hope that the administrators and linguists of Orissa too will have no objection in adopting these terms, subject to slight provincial modifications.

L. M. PATNAIK,
Speaker,
Orissa.

H. MEHTAB,
L. MISRA
Education Minister,
Orissa.

शासन-शब्दकोश

A

Abandon (*v.*)	त्यागना	छोड़ना
Abandoning of infant (*g.*)	शिशुत्याग	शिशु-परित्याग
Abandonment (*n.*)	त्याग	वर्जन
Abandonment of action	कार्यवाही-त्याग	प्रार्थना-त्याग, दावे का त्याग
Abandonment of claim	अभियाचना-त्याग, स्वत्व-त्याग	स्वत्वयाचना-त्याग
Abandonment of domicile	वास-त्याग	निवास-स्थान त्यागना
Abate (*v.*)	उपसंहरण करना	कम करना, घटाना, शमन, बन्द करना अपाकरण (र०), अपचय (सूर)
Abate a writ	समादेश-उपसंहरण	राजाज्ञा स्थगित करना
Abatement (*n.*)	उपसंहरण,शमन	छूट, कमी, घटाव, न्यूनीकरण
Abatement of legacies	दाय-उपसंहरण	दाय-भाग-ह्रास
Abatement of nuisance	उपद्रव-उपसंहरण, उपद्रव-शमन	कष्ट-नाश, उपद्रव नाश करना
Abatement of suit	वादोपसंहरण	वाद-समाप्ति
Abatory (*adj.*)	उपसंहारिक	
Abatory contract	उपसंहारिक अनुबन्ध	सापेक्ष करार या व्यवहार
Abbreviator (*n.*)	समासक, निचयकर्त्ता	संक्षेपकर्ता
Abbreviatory (*adj.*)	समासात्मक, निचयात्मक	संक्षेपात्मक
Abbreviative (*adj., n.*)	समस्त, निचय, निचयी	सारसंग्रह, संक्षेप, संक्षिप्तता,
A. B. C.	ककहरा	कखग
A. B. C. of Politics	राजनीतिका ककहरा	राजनीतिकी प्रारम्भिक बातें
Abdicant (*adj.*)	राजत्यागी	राजपद-त्यागी, सिंहासन-त्यागी,
Abdicate (*v.*)	राजत्यागना	राजत्याग करना, सिंहासन-त्याग करना, स्वत्व-त्याग करना, सत्ता त्याग करना, राजत्व त्यागना, गद्दी छोड़ना
Abdicated (*p.*)	राजत्यक्त	
Abdication (*n.*)	राजत्याग	राजपदत्याग
Abdicator (*n.*)	राजत्यागी	सिंहासन-त्यागी व्यक्ति
Abdicator, Throne-	सिंहासन-त्यागी	राजपदत्यागी
Abduct (*v.*)	अपहरण करना	मनुष्यहरण करना, भगा ले जाना
Abductor (*n.*)	अपहर्त्ता	भगा ले जाने वाला, अपहारी, अपहरणकर्ता
Abduction (*n.*)	अपहरण	मनुष्य-हर

Abel (*n.*)	पुरोहित-चिह्न	
Abere (*adj.*)	नृशंस	
Abere murder	नृशंसहत्या	
Abet (v.)	दुरुत्साहित करना	अपराध के लिये उकसाना, प्रोत्साहन देना
Abetment (*n.*)	दुरुत्साहन	अपराधार्थ प्रोत्साहन,० प्रवर्तन
Abettal (*n.*)	दुरुत्साह	
Abettor (*n.*)	दुरुत्साहक	अपराधसहकारी, अपराध-प्रवर्तक
Abeyance (*n.*)	(१) उपरोध	
	(२) अनिर्णीत स्थिति	
Abhor (v.)	*जुगुप्सा करना*	*घृणा करना*
Abhorence (*n.*)	जुगुप्सा	घृणा
Abhorent (*adj.*)	जुगुप्सा-जनक	
Abhorer (*n.*)	जुगुप्सक	घृणा करने वाला
Abhoring (*g., adj.*)	जुगुप्सन	घृणास्पद
	जुगुप्सित	
Abhorred (*p.*)	जुगुप्सित	धिक्कृत
Abidance (*n.*)	अनुसरण, अटल रहना	नियमानुसरण
Abide (*n.*)	अनुसरना, अटल रहना	अनुसार रहना या चलना
Abiding (*adj.*)	(१) अटल	सतत
	(२) टिकाऊ, शाश्वत	
Abiding citizen, Law	विधि-पालक नागरिक	नियमानुसार चलनेवाला नागरिक
Abidingly (*adv.*)	अनुसरणतः, अटल रहते हुए	निभाते हुए
Ability (*n.*)	योग्यता	क्षमता, सामर्थ्य
Ab initio (*adv.*)	आदितः	आरम्भ से
Abject (*adj.*)	अधम	नीच, निकृष्ट, पामर, हीन
Abjection (*n.*)	अधमता	नीचता
Abjectly (*adv.*)	अधमतया	हीन विचार से
Abjectness (*n.*)	अधमता	नीचता
Abjudicate (*v.*)	अभिनिर्णय करना	
Abjudication (*n.*)	अभिनिर्णयन	न्याय का निर्णय, मुकदमे का फैसला
Abjudge (*v.*)	प्रतिनिर्णय करना	निर्णयके द्वारा ग्रहण करना
Abjuration	शपथ-त्याग	शपथ-पूर्वक परित्याग
Abjuratory (*adj.*)	शपथ त्यागात्मक, परित्यागात्मक	शपथ-विरुद्ध, शपथ-खण्डनात्मक
Abjure (*v.*)	(१) परित्याग	शपथोल्लंघन
	(२) सशपथ-त्याग	
	(३) बलात् शपथापन	
Abjurer (*n.*)	(१) शपथ-त्यागी	निश्चयात्मक रूपसे त्यागनेवाला

Abnegate (*v.*)	अस्वीकारना, प्रत्याख्यान	नकारना,
Abnegation (*n.*)	अस्वीकार	प्रत्याख्यान, नकारना
Abnegator (*n.*)	अस्वीकारक	अस्वीकार-कारी, प्रत्याख्यायी, नकारनेवाला
Abnormal (*adj.*)	असाधारण, नियम-बाह्य	असामान्य, नियमातिरेकी
Abnormality (*n.*)	असाधारणता, नियम-बाह्यता	विश्रृंखलता, विलक्षणता
Abnormally (*adv.*)	असाधारणतया, नियम-बाह्यत:	असाधारण रीतिसे, विलक्षणतया
Abnormity (*n.*)	असाधारणत्व, बहिर्नियमता	विलक्षणता
Abnormous (*adj.*)	असाधारण, बहिर्नियम	विलक्षण
Abode (*n.*)	निवास	वास, निवास-स्थान
Aboard (*adv.*)	पोतपर	जहाज पर, नौकापर
Abolish (*v.*)	समाप्त करना	उठा देना, उत्सादन (र०)
Abolishable (*adj.*)	समापनीय	उठा देने योग्य
Abolisher (*n.*)	समापक	निवारक
Abolished (*p. p.*)	समापित	खण्डित, निवृत्त, उत्सादित, उठा दी गयी
Abolishment (*n.*)	समापन	उठा देने की क्रिया, उन्मूलन
Abolition of tax	कर-समापन	कर उठा देने की क्रिया
Abolitionism (*n.*)	समाप्ति-वाद, दासप्रथोन्मूलनवाद	निरसनवाद, निर्दासवाद, दास-प्रथा उठादेने का आन्दोलन
Abolitionist (*n.*)	समाप्तिवादी, दासप्रथोन्मूलक	निर्दासवादी, दासत्व-प्रथा-विरोधी
Aborginal (*adj.*)	आदिम	मूलनिवासी, आदिमवासी
Aboriginally (*adv.*)	आदिमवत्	मूलरूप से
Aboriginal Tribes	आदिम वनजातियाँ	मूल निवासी जातियाँ
Aborigines (*n.*)	आदिम मानव	आदिम अधिवासी
Abortion (*n.*)	(१) गर्भपात (२) निष्फलता	भ्रूण-हत्या, विफलता
Abortion, Accidental	गर्भपात, आकस्मिक	
Abortion, Criminal	गर्भपात, दण्डनीय	
Abortion, Induced	गर्भपात, प्रेरित	
Abortion, Legal	गर्भपात, वैध	
Abortion, Justifiable	गर्भपात, सहेतुक या न्याय्य	वैध गर्भ-स्राव
Abortionist (*n.*)	गर्भपाती	गर्भ-स्रावक
Above average (*adj.*)	अधिसामान्य	मध्यसे कुछ ऊपर
Above board (*adv.*)	निष्कपट	स्पष्ट, ईमानदारीसे
Above par (*adj.*)	सममूल्य-उपरि	सममूल्य से ऊपर, उपरि-सममूल्य
Abrasion (*n.*)	उत्कावन, छिलना	त्वक्-छेदन, घर्षण
Abridged (*p. p.*)	संक्षिप्त	
Abridgement (*n.*)	संक्षेप	
Abroad (*adv.*)	विदेश	बाहर

Abrogate (*n.*)	अभिनिषेध करना	मन्सूख करना, निराकरण (र०)
Abrogation (*n.*)	अभिनिषेध	रद्द करदेना, निरसन
Abrogative (*adj.*)	अभिनिषेधात्मक	रद्द करनेवाला, मन्सूख करनेवाला
Abrupt (*adj.*)	सहसा, यकायक	
Abscond (*v.*)	पलायन	फरार होना
Abscondance (*n.*)	पलायनशीलता	अपक्रमण
Absconder (*adj.*)	पलायी	फरार, पलायक, भगोड़ा
Absconding (*adj.*)	पलायमान	
Abscondingly (*adj.*)	पलायमानतया	
Absence (*n.*)	अनुपस्थिति	अभाव
Absent (*adj.*)	अनुपस्थित	
Absent voting	परोक्ष मत-दान	अप्रत्यक्ष मतप्रदान, अनुपस्थित मतदान
Absentee (*n.*)	अनुपस्थिती	अनुपस्थित जमींदार
Absenter (*n.*)	अनुपस्थितिशील	अवर्तमान
Absenticism (*n.*)	परोक्षलाभवृत्ति	क्रियाक्षेत्र से दूर रह कर आयप्राप्त करने की पद्धति
Absolute (*adj.*)	पूर्ण, परम	निरंकुश, स्वेच्छाचारी, निरपेक्ष (र०)
Absolute acceptance	पूर्णस्वीकृति	निरपवाद स्वीकृति
Absolute contrabond	पूर्ण प्रतिषिद्ध पणय	पूर्ण निषिद्ध सामान
Absolute error	पूर्ण प्रमाद	निरपवाद भूल
Absolute estate	पूर्ण भूसम्पत्ति	पूर्णाधिकार-प्राप्त सम्पत्ति
Absolute Government	पूर्ण स्वैरी सरकार (शासन)	निरंकुश शासन, स्वेच्छाचारी सरकार
Absolute liberty	पूर्ण स्वातंत्र्य	अखंड स्वतन्त्रता
Absolute majority	निरपेक्ष या पूर्ण बहुमत	स्पष्ट बहुमत
Absolute monarchy	पूर्ण स्वैरी राजतन्त्र	निरंकुश राजतन्त्र
Absolute right	पूर्णअधिकार	
Absolute sovereiignty	पूर्ण प्रभुता	एकाधिपतित्व
Absolutely (*adj.*)	पूर्णरूपेण	
Absoluteness (*n.*)	पूर्णता, स्वेच्छा	अलब्धता
Absolutism (*n.*)	पूर्ण-स्वैरिता, निरंकुशता	निरंकुश राजनीति, स्वेच्छाचारवाद
Absolutist (*adj.*)	पूर्ण स्वैरितावादी	निरंकुशवादी, स्वेच्छाचारी
Absolution (*n.*)	निस्तार	दोष-मोचन, अपराधसे निष्कृति
Absolutory (*adj.*)	निस्तारात्मक	मुक्त करनेवाला
Absolvatory (*n.*)	निस्तारकर्त्ता	उद्धारक
Absolve (*v.*)	निस्तार करना, विमोचित करना	छोड़ना, ऋण आदि से मुक्त करना
Absorption (*n.*)	अन्तर्निधान	
Absorption of Nationalities	जातियों का अन्तर्निधान	
Abstention (*n.*)	संयमन	विरति

Abstinence (*n.*)	संयमिता	सन्तान-निग्रह
Abstract (*n., adj.*)	अनुचय; अमूर्त्त, कोरा	सार, संग्रह
Abstract-book (*n.*)	अनुचयनिका	गोशवारा बही
Abstract of cost	व्यय-अनुचय	मूल्यपत्र
Abstract of title	उपाधि-अनुचय	अधिकार-प्रमाण का सार
Abstract of pleas	प्रतिपादनानुचय	उत्तर का सारांश
Abstract of principle	सिद्धान्तानुचय	सिद्धान्तसार
Abstract right	कोरे अधिकार	सात्विक अधिकार, अमूर्त्त अधिकार
Abstract theory	कोरा सिद्धान्त	
Abstraction (*n.*)	अनुचयन	सिद्धान्तीकरण
Abstruse (*adj.*)	गहन	गूढ़, गम्भीर, अगम्य
Abstruseness (*n.*)	गहनता	अगम्यता
Absurd (*adj.*)	अनर्गल	असंगत, वाहियात, ऊल-जलूल
Absurdity (*n.*)	अनर्गलता	असंगति
Abundant (*adj.*)	प्रचुर	अधिक, पुष्कल, यथेष्ट
Abuse (*n.*)	(१) दुरुपयोग (२) अपशब्द	(२) गाली
Abuses (*n.*)	अतिचार, दुरुपयोग	
Abuse of power	शक्ति का दुरुपयोग	अधिकार का दुरुपयोग
Abuse of process	विधि का दुरुपयोग	
Abuse of property	सम्पत्ति का दुरुपयोग	
Abuse of right	अधिकार का दुरुपयोग	
Abuttal (*n.*)	चतुःसीमा	चौहद्दी
Academic (*adj.*)	(१) विद्यापीठिक (२) शास्त्रीय	पण्डिताइक, शास्त्रीय
Academic discussion	शास्त्रीय वादविवाद (चर्चा)	शाब्दिक वादविवाद
Academy (*n.*)	विद्यापीठ, अकदमी	विद्वत्-परिषद्
Accede (*v.*)	(१) अधिकारांगीकार (समा-योजितहोना) (२) पदारूढ़ होना (३) मान लेना	मान लेना, अधिकारारूढ़ होना
Acceded (*p. p.*)	(१) अधिकारांगीकृत, समायोजित (२) मान लिया गया (३) पदारोहित	अधिकार-प्राप्त, अधिकृत
Acceder (*n.*)	(१) अधिकारांगीकर्ता, समायोज्य	
Acceding (*adj., n.*)	(१) अधिकारांगीकरण-क्रिया (२) समायोजन-क्रिया (३) समायोजित	मान्यकरण
Accelerate (*v.*)	प्रवृद्धि करना	गतिवृद्धि करना, वेग बढ़ाना
Accelerated (*p.*)	प्रवृद्ध	वेग–वर्द्धित

Accelerating (*adj.*)	प्रवर्द्धमान	
Acceleration (*n.*)	प्रवर्द्धन	वेगवर्द्धन
Acceleration & retardation	प्रवृद्धि और प्रवृद्धि-रोध	तीव्रगति-मन्दगति
Accept (*v.*)	स्वीकरण	ग्रहण करना
Acceptance (*n.*)	स्वीकृति	ग्रहण
Acceptance of office	पद-स्वीकृति	पद-ग्रहण
Acceptance of service	सेवा की स्वीकृति	आदेश-स्वीकृति
Acceptability (*n.*)	स्वीकार्यता	ग्रहणयोग्यता
Acceptable (*adj.*)	स्वीकार्य	ग्रहण-योग्य
Acceptor (*n.*)	स्वीकर्त्ता	स्वीकृत करने वाला
Access (*n.*)	पहुँच, गति	
Access to (*n.*)	उपगति	पास जाना
Accessible (*adj.*)	उपगम्य, सहजलभ्य	पहुँच में आने वाला
Accession (*n.*) (Act of acceding and becoming joined)	(१) समायोजन	
(Increase by somthing added e.g. accession of territory)	(२) समायोग	
(That mode of acquiring property by which the owner of a corporeal substance becomes the owner of an addition)	(३) समायोगलाभ	
(King's)	(४) राज्यारोहण	
Accession of territory	प्रदेश-समायोजन	
Accession to the throne	सिंहासनारोहण	
Accessory (*adj. n.*)	सहायक	अपराध-सहकारी
Accessory license	सहायक अनुमति	
Accessory right	सहायक अधिकार	आनुषंगिक अधिकार
Accident (*n.*)	दुर्योग	संयोग, दुर्घटना
Accident of birth	जन्म-योग	
Accidental (*adj.*)	दुर्योगिक, आकस्मिक	
Accidental death	आकस्मिक मृत्यु	
Acclaim (*v.*)	उद्घोष करना	जयघोष करना
Acclamation (*n.*)	उद्घोषणा	हर्षध्वनि, अभिनन्दन
Accomenda (*n.*)	पोत-वचनपत्र	जहाजी इकरार

Accomodate (*v.*)	(१) अनुकूल बनाना (२) अधिवासित करना	
Accomodating (*adj.*)	अधिवासनशील	समयानुकूल बर्ताव करने वाला
Accommodation (*n.*)	अधिवासन, अधिवास	सुविधाक्षमता
Accomplice (*n.*)	सहकर्मी	सहापराधी, पापसहाय, दुस्सहाय
Accomplicity (*n.*)	सहकर्मिता	पापसहायता
Accord (*n.*)	(१) आनुकूल्य, रुचि (२) ऐकमत्य, एकताल (३) (क) एकमतहोना, (ख) अनुरूप प्रदान करना	प्रदान करना, समान होना
Accord, Of one's own	अपनी रुचि के अनुसार	यदृच्छया
Accordance (*n.*)	(१) अनुकूलता (२) एकतालता	मेल, एकमति, सम्मति
Accordant (*adj.*)	अनुकूल	
According to	तदनुकूल	अनुसार
Accordinlgly (*adv.*)	तदनुकूलतः	तदनुसार
Accost (*v.*)	अभिवादन	
Account (*n.*)	(१) लेखा, गणन	हिसाब-खाता
Account (*v.*)	(२) उत्तरदायी होना	जवाबदेह होना
Account-book (*n.*)	लेखा-पुस्ती	हिसाब-बही, बही-खाता
Account, Cash	रोकड़ लेखा	रोकड़-खाता
Account, Fictitious	कल्पित लेखा	खोटा हिसाब, बनावटी हिसाब
Account, to call to	लेखार्थ समाह्वान	
Account, to cook an	लेखा गढ़ना	झूठा हिसाब बनाना
Account, to put to	लेखा मांगना	
Account, to render an	लेखा देना	हिसाब देना
Accounts (*n.*)	लेखा	गणना
Accounts, Election-	निर्वाचन-लेखा	निर्वाचन-व्ययका हिसाब
Accounts, to balance	लेखा ड्योढ़ना, लेखा-सन्तुलन	खाता ड्योढ़ा करना
Accountable (adj.)	(१) उत्तरदायी, लेखार्थ वचनीय (२) गण्य	
Accountancy (*n.*)	लेखा-शास्त्र	गणना-शास्त्र, बहीखाता
Accountant (*n.*)	गणक	गाणनिक, आयव्यय-लेखक, मुनीम, आंकिक
Accountant-General	महागणक	(र०) अक्षपटलाध्यक्ष, महागाणनिक
Accountantship	गणक-पद	गाणनिक-पद
Accounts-clerk	गणन-करणिक, गणनलिपिक	
Accounter (*v.*)	(१) शस्त्रसज्ज-होना (२) शस्त्रसज्ज करना,	हथियार-बन्द होना या करना

Accountered (*p. p.*)	शस्त्र-साज्जत	युद्धसज्जा-सज्जित
Accounteredness (*n.*)	शस्त्र-सज्जा	
Accounterment (*n.*)	सेना-परिधान	युद्धायुध
Accountering (*g.*)	शस्त्रालंकरण	शस्त्रभूषित करना
Accredit (*v.*)	(१) प्रतीति मानना (२) प्रतीत्य प्रेषण	(१) विश्वास करना (२) अधिकार-पत्र देकर दूत आदि बाहर भेजना
Accredited (*p. p.*)	(१) विश्वासित, प्रतीत्य (२) मान्य	अधिकार-प्राप्त, स्वीकृत
Accredited leader	विश्वसनीय नेता	अधिकृत नेता
Accretion (*n.*)	संवर्धन	बढ़ाव
Accriminate (*v.*)	दोषरोपण करना	
Accrimination (*n.*)	दोषारोपण	
Accroach (*v.*)	बलाधिकार दिखलाना	
Accrual (*n.*)	उद्वृद्धि	उत्पत्ति, वृद्धि
Accrue (*v.*)	उद्वर्धित होना	बढ़ना, लाभ-प्राप्ति होना,
Accruing (*adj.*)	उद्वर्धमान	उत्पन्न होनेवला
Accruing costs	उद्वर्धमान व्यय	निर्णयके पश्चात होने वाला व्यय
Accruing right	उद्वर्धमान अधिकार	
Accumulate (*v.*)	संचित करना	एकत्र करना
Accumulated (*p. p.*)	संचित	
Accumulation (*n.*)	संचयन	
Accuracy (*n.*)	यथार्थता	
Accuracy of the statement	वक्तव्य (प्रकथन) की यथार्थता	
Accusal (*n.*)	अभियोजन	
Accusatoin (*n.*)	अभियोग	दोषारोपण
Accuse (*v.*)	अभियोग लगाना	दोषारोपण करना
Accused (*p. p.*)	अभियुक्त	अपराधी
Achievable (*adj.*)	प्राप्य, साध्य	
Achieve (*v.*)	प्राप्ति करना, सिद्धि पाना	
Achieved (*p. p.*)	सिद्ध, प्राप्त	संपादित
Achievement (*n.*)	(१) सफलता-प्राप्ति, सिद्धि (२) चेष्टित	उपार्जन
Acid (*n.*)	अम्ल	अम्ल
Acid, Corrosive	विनाशक अम्ल	नाशक अम्ल, तिग्म अम्ल, ह्रासक अम्ल
Acid, Mineral	खनिज अम्ल	
Acid, Organic	प्राणिक अम्ल	

Acid, Strong	तीव्र अम्ल	
Acknowledgable (*adj.*)	(१) प्राप्तिस्वीकरणीय	मान्य, प्राप्ति-स्वीकार-योग्य
	(२) आत्मीकरणीय	स्वीकार्य
Acknowledge (*v.*)	(१) प्राप्ति-स्वीकार	स्वीकरण करना
	(२) आत्मीकरण करना	अंगीकार करना, कबूलना
Acknowledged (*p. p.*)	(१) प्राप्ति-स्वीकृत	अंगीकृत
	(२) आत्मीकृत	
Acknowledgment (*n.*)	(१) प्राप्ति-स्वीकृति	पहुँच, रसीद, अभ्युपगम
	(२) आत्मीकार	
Ackworth Committee	आकवर्थ समिति	
Acne (*n.*)	मुहासा	
Acoustic (*n.*) (*adj.*)	(१) ध्वनि-शास्त्र	
	(२) ध्वनि-(विशेषण)	
Acoustic mine	ध्वनि-सुरंग	चुम्बकीय सुरंग, शब्द-सुरंग
Acquaint (*v.*)	परिचयन	परिचित करना
Acquiesce (*v.*)	मौन सहमति देना	मौन रूप से सहमत होना, विवश होकर झुकना
Acquiesced (*p. p.*)	मौनतया सहमत	
Acquiescence (*n.*)	मौन सहमति	बेबसी, विवशता
Acquiescent (*adj.*)	विवश	
Acquire (*v.*)	अर्जन करना	ग्रहण करना, लाभ करना
Acquired (*p. p.*)	अर्जित, लब्ध	
Acquirer (*n.*)	अर्जक	उपार्जित करने वाला
Acquiring (*adj.*)	अर्जन-शील	प्राप्त करने वाला
Acquisition (*n.*)	अधिगति, सुलाभ	अधिकार या सम्पत्ति-प्राप्ति, उपार्जन, अवाप्ति (र०)
Acquisition, Land—	भूमि-अधिगति	भूमि-ग्रहण, भूमि-लाभ, भू-अवाप्ति (र०)
Acquisition of prescription	अधिष्ठानतः अधिगति	चिरकाल-व्यवहारजनित अधिकार-प्राप्ति
Acquisitive (*adj.*)	अधिगमाभिलाषी	द्रव्येच्छु, उपार्जनक्षम
Acquisitiveness (*n.*)	अर्थलालसा, अधिगम-लालसा	द्रव्यलालसा
Acquit (*v.*)	दोषमुक्त करना	अभियुक्त को निर्दोष प्रमाणित होनेपर छुटकारा देना
Acquittal (*n.*)	दोषमोचन	अभियुक्त को निर्दोष प्रमाणित होने पर छुटकारा, निर्दोषी-करण
Acquittance (*n.*)	दोषमुक्ति	
Acquitted (*p. p.*)	दोषमुक्त	अपराध-मुक्त
Acre (*n.*)	एकड़	
Act (*n.*)	(१) व्यवस्था, कार्य	कानून, निबन्ध, अधिनियम (र०)

Act (*v.*)	(२) काम करना	
(*n.*)	(३) अनुष्ठान, क्रिया	
Act, Arms	आयुध-व्यवस्था	हथियार-कानून
Act, Defence of India	भारत-रक्षा-व्यवस्था	भारत रक्षा कानून
Act in pais	देशी व्यवस्था	अदालत के बाहर किया हुआ कार्य, बाह्य न्यायालय कार्य
Act, Oaths	शपथव्यवस्था	
Act of Attainder	सर्वाहरण व्यवस्था	
Act of Bankruptcy	ऋणध्वंस-व्यवस्था	दिवालिया कानून
Act of Insolvency	ऋणध्वंस-व्यवस्था	दिवालिया का कार्य
Act of God	दैवी विधान	
Act of Indemnity	(१) अपराध-मोचन व्यवस्था (२) क्षतिपूर्ति-व्यवस्था (३) सम्मोचन-व्यवस्था	अपराध-मोचन कानून
Act of Legislature	व्यवस्थापिका सभा की व्यवस्था	
Act of Parliament	महासंस्था की व्यवस्था	पार्लियामेन्ट के कानून
Act of State	राज्य की व्यवस्था	राजाधिकार द्वारा बनाया कानून
Act of Union	संघीकरण-व्यवस्था	
Acting (*adj.*)	कार्यवाहक	स्थानापन्न
Acting allowance	कार्यवाहक-भत्ता (भक्तक)	
Acting president	कार्यवाहक अध्यक्ष या सभापति	
Action (*n.*)	कार्यवाही	क्रिया, व्यापार, कारवाई, अभियोग (र०
Action, Cause of	कार्यवाही के कारण	वादहेतु
Action, Civil	अर्थविधानिक कार्यवाही	दीवानी कार्यवाही
Action, Criminal	दण्डविधानिक कार्यवाही	फौजदारी कार्यवाही
Action, Direct	प्रत्यक्ष कार्यवाही	सीधी कार्यवाही
Action Francaise	फरांसीसी राजतन्त्रवादी	फ्रांस देश का एक राजनैतिक दल
Action, Legal	वैध कार्यवाही	
Action, Liberal	उदार कार्यवाही	
Action, Personal	वैयक्तिक कार्यवाही	व्यक्तिगत कार्यवाही, निजी कार्यवाही
Action, Prejudicial	समत्सर कार्यवाही	पक्षपातपूर्ण कार्यवाही
Actionable (*adj.*)	कारणीय, वादयोग्य	दावा करने योग्य
Actionable claim	कारणीय या वादयोग्य अभियाचन (०स्वत्व)	
Actionable wrong	कारणीय या वादयोग्य अपकार	
Active (*adj.*)	क्रियाशील, कर्मठ, सक्रिय	
Active citizens	क्रियाशील नागरिक	कर्मठ नागरिक
Active coercion	सक्रिय दबाव, ०दाबन	सक्रिय दमन

Active confidence	सक्रिय विश्वास	
Active consent	सक्रिय सहमति	
Active resistence	सक्रिय प्रतिरोध	
Active service	रण-सेवा	
Activities (*n.*)	गति-विधि, कार्यकारिता, कार्यकलाप	
Activities, State—	राजकीय कार्यकलाप	राजकीय चहलपहल
Activism (*n.*)	कार्यवाद, प्रवृत्तिवाद	कर्मण्यतावाद
Actual (*adj.*)	वास्तविक	प्रत्यक्ष, सच्ची, यथार्थ
Actual assessment	वास्तविक कर-निर्धारण	सच्ची जमा-बन्दी
Actual will	वास्तविक इच्छा	वास्तविक मत
Actuary (*n.*)	दिविर	मुंशी, रजिस्ट्रार
Acute (*adj.*)	तीक्ष्ण	पैना
A. D. (Annodomini)	ईस्वी सन्	ख्रिष्टाब्द
Adamant (*n.*)	वज्र	
(*adj.*)	वज्र	
Adapt (*v.*)	अन्तर्ग्रहण करना, संयोज्य बनाना, संयोजित करना	अनुकूल करना
Adaptability (*n.*)	अन्तर्ग्राह्यता, संयोजनीयता	अनुकूलीकरण-क्षमता
Adaptation (*n.*)	अन्तर्ग्रहण, संयोजन	अनुकूलीकरण, उपयोजना (र०)
Adaptative (*adj.*)	अन्तर्ग्रहणशील, संयोजनशील	उपयोजनशील
Add (*v.*)	योग करना	जोड़ना, जमा करना
Addition (*n.*)	योग	योग, जोड़, संकलन (र०)
Addition of parties	दलों का योग	पक्ष-वृद्धि
Additional (*adj.*)	अपर	अतिरिक्त
Additional deputy secretary	अपर सचिव	अपर उपकर्म सचिव
Additional magistrate	अपर-अधिकरणिक	अपर-पुरशासक
Additional member	अपर सदस्य	
Additional secretary	अपर सचिव	अपर-कर्मसचिव
Additional tax	अपर-कर	अतिरिक्त कर
Additional plea	अपर-युक्ति या प्रतिपत्ति	अतिरिक्त कथन
Additions and alterations	परिवर्धन-परिवर्तन	
Address (*n*)	(१) अभिभाषण (२) पता	अभिनन्दन-पत्र
Address (*v.*)	अभिभाषण करना	
Addressed to (*p. p.*)	सम्बोधित	
Adduce (*v*).	पुरोनयन	सामने रखना
Adequate (*adj.*)	यथेष्ट	पर्याप्त

Adequate relief	यथेष्ट सहायता, यथेष्ट परितुष्टि	
Adequately (*adv.*)	यथेष्टतया,	विधिवत्
Adherent (*adj.*)	अनुवर्ती	अनुगामी
Adherence (*n.*)	(१) अनुवर्तन (२) आसक्ति	अनुगमन संसक्ति
Ad infinitum (*adv.*)	अनन्तकाल तक	अनन्तरूप से
Ad interim (*adv.*)	अन्तर्कालीन रूप से	
Adjacent (*adj.*)	पार्श्ववर्ती	आसन्न, समीपवर्ती
Adjective (*adj.*)	गौण	
Adjective law or procedure	गौण विधान या विधि	रूढ़िपूरक विधान या प्रक्रिया
Adjoin (*v.*)	संलग्न करना	संबद्ध करना
Adjoining (*adj.*)	संलग्न	समीपवर्ती, पार्श्ववर्ती
Adjoining countries	संलग्न देश	पड़ोसी देश
Adjoining limit	संलग्न सीमा	लगी हुई सीमा
Adjourn (*v.*)	स्थगित करना	बैठक या अधिवेशन स्थगित करना
Adjourn sine die (*v.*)	अनिश्चित काल के लिये स्थगित करना	
Adjourned (*p. p.*)	स्थगित	
Adjourned meeting	स्थगित बैठक	स्थगित सभा, स्थगित अधिवेशन
Adjournment (*n.*)	स्थगन	स्थगित-करण
Adjournment-application (*n.*)	स्थगन–प्रार्थना	
Adjournment-motion (*n.*)	स्थगन–प्रस्ताव	काम रोको प्रस्ताव
Adjournment of Legislature	व्यवस्थापिका सभा का स्थगन	परिषद्-स्थगन
Adjudge (*v.*)	निर्णय द्वारा प्रदान करना	
Adjudgment (*n.*)	निर्णय–प्रदान	फैसला
Adjudicate (*v.*)	अभिनिर्णय करना	न्याय-विचार करना, विनिश्चय करना, अभिनिर्णय (र०)
Adjudicated (*p. p.*)	अभिनिर्णीत	ठहरा दिया गया, विनिश्चित
Adjudication (*n.*)	अभिनिर्णय	अदालती फैसला, विनिश्चय
Adjudicator (*n.*)	अभिनिर्णेता	निर्णय देने वाला, विनिश्चायक
Adjunction (*n.*)	संलगन	संयुक्त करना
Adjuration (*n.*)	सशपथ आज्ञा	
Adjustment (*n.*)	(१) समनुलय, (२) समन्वय	मेल बैठाना, समाधान, व्यवस्थापन, (र०) चूर बैठाना
Adjustment of authority	सत्ता का समन्वय	
Adjutant (*n.*)	अद्जुतेन्त	
Adjutant-General (*n.*)	अद्जुतेन्त जनरल	

Adjutancy (*n.*)	अद्‌जुतेन्स-पद	
Administer (*v.*)	(१) प्रबन्ध करना (२) परिपालन करना (३) देना	
Administer oath to	शपथ-ग्रहण कराना	शपथ देना
Administered (*p. p.*)	प्रबन्धित, परिपालित	जिसपर शासन किया जाय
Administered area	प्रबन्धित क्षेत्र	शासित देश, परिपालित क्षेत्र
Administerial (*adj.*)	प्रबन्धीय	शासन-प्रबन्धसंबंधी, राज्यपालनसंबन्धी परिपालनिक
Administerable (*adj.*)	प्रबन्धनीय	परिपालनीय
Administration (*n.*)	शासन-प्रबन्ध, परिपालना	प्रशासन (र०)
Administration, letter of	प्रबन्धाधिकार-पत्र	परिपालन-पत्र, अधिकार-पत्र
Administration of Provincial affairs	प्रान्तीय वृत्तों का प्रबन्ध या परिपालन	प्रान्तीय शासन-प्रबन्ध
Administration of justice	न्याय-परिपालन	न्याय-प्रशासन (र०)
Administration-suit (*n.*)	परिपालन-सम्बद्ध वाद प्रबन्धा-सम्बद्ध वाद	परिपालन-वाद परिपालन-व्यवहार
Administrational (*adj.*)	प्रबन्धात्मक, परिपालनात्मक,	राज्यशासन-संबन्धी शासन-विषयक
Administrative (*adj.*)	प्रबन्धिक (प्रबन्ध), परिपालनिक-(परिपालन-)	शासन-प्रबन्ध
Administrative ability	प्रबन्ध-विषयक योग्यता	शासन-क्षमता
Administrative board	प्रबन्ध-पर्षद् परिपालन-पर्षद्	शासन-सभा, बोर्ड या संचालिका
Administrative convenience	परिपालनार्थ सुविधा प्रबन्ध-सुविधा	
Administrative courts	प्रबन्धिक न्यायालय	
Administrative function	प्रबन्धविषयक कृत्य परिपालनविषयक कृत्य	शासन-प्रबन्धसंबन्धी कार्य
Administrative law	परिपालनविषयक विधान	प्रशासनसम्बन्धी कानून
Administrative officer	प्रबन्धिक पदाधिकारी	परिपालनाधिकारिक
Administrative system	परिपालन-प्रणाली	शासन-पद्धति, शासन प्रबन्ध प्रणाली
Administrator (*n.*)	शासक, प्रबन्धकर्त्ता, परिपालक	राज्यकर्ता, परिचालक
Administrator-General and official trustee	महापरिपालक व न्यायपाल	
Administrator-board (*n.*)	परिपालक-पर्षद् (बोर्ड)	
Administrator-General	महाप्रबन्धक, महापरिपालक,	महाशासक

Administratorship (*n.*)	प्रबन्धक-पद	परिपालक-पद
Administratress (*n.*)	शासिका, प्रबन्धिका	परिपालिका
Administratrix (*n.*)	प्रबन्धिका, परिपालिका	
Admiral (*n.*)	नावध्यक्ष, अद्मिरल	नौ-सेनापति
Admiral, Rear	अनुनावध्यक्ष,अनु-अदमिरल	
Admiral of the fleet	नौवाहिनी-अध्यक्ष, ०अद्मिरल	
Admiral, Vice—	उपनौवाहिनी-अध्यक्ष उपअद्मिरल	
Admiralship (*n.*)	अद्मिरल-पद, नावध्यक्ष-पद	
Admiralty (*n.*)	नौवाहिनी विभाग	नौसेना-विभाग, नौसेनापति का पद
Admiralty, Board of	नौवाहिनी-पर्षद्	जलसेना-संचालिका
Admiralty-court (*n.*)	नौवाहिनिक न्यायालय	सामुद्रिक न्यायालय
Admiralty-jurisdiction (*n.*)	नौवाहिनिक क्षेत्र	सामुद्रिक न्यायालय का अधिकार-क्षेत्र
Admission (*n.*)	प्रवेश-स्वीकृति	
Admission, No	प्रवेश निषिद्ध	भीतर मत आओ, प्रवेश-वर्जित
Admissible (*adj.*)	प्रवेश्य	स्वीकार्य
Admissibility (*n.*)	प्रवेश्यता	ग्राह्यता
Admissibility of evidence	साक्ष्य की प्रवेश्यता	साक्ष्य-ग्राह्यता
Admit (*v.*)	(१) अंगीकार करना (२) प्रवेश करने देना	
Admittance (*n.*)	(१) अंगीकरण (२) प्रवेशानुमति	
Admitted (*p. p.*)	अंगीकृत, मान्य	
Admixture (*n.*)	सम्मिश्रण	
Admonish (*v.*)	उद्बोधित करना	
Admonisher (*n.*)	उद्बोधक	वाग्दण्डकारी
Admonition (*n.*)	उद्बोधन	मृदुभर्त्सना, मृदुल चेतावनी
Adopt (*v.*)	(१) दत्तक लेना, (२) स्वायत्त करना, अपनाना	गोद लेना, अभिस्वीकृति (२०)
Adoptable (*adj.*)	(१) दत्तकादेय, (२) अपनाने योग्य	ग्रहण करने योग्य
Adoptability (*n.*)	(१) दत्तकादेयता, (२) आयत्तीकार्यता	दत्तक लेने की योग्यता
Adopted (*p. p.*)	(१) दत्तक लिया हुआ, (२) आयत्तीकृत	ग्रहण करने की योग्यता
Adopted son	दत्तकपुत्र	गोद लिया हुआ पुत्र, पोष्य पुत्र
Adoption (*n.*)	दत्तकादान, अपनाना	दत्तक-ग्रहण
Adoption, Law of	दत्तकविधान	दत्तक कानून
Adoptive (*adj.*)	दत्तकीय	गोद लिया हुआ

Adoptive acts	ऐच्छिक व्यवस्थायें	स्वेच्छापरक कानून
Adoptive father	धर्म-पिता	
Ad-referendum (*adj.*)	अग्रे विचारार्थ	आगे के लिये विचारार्थ
Adult (*n.*)	वयस्क	बालिग, प्रौढ़
Adult franchise	वयस्क मताधिकार	
Adult suffrage	वयस्क मताधिकार	बालिगमताधिकार
Adulterant (*adj.*)	अपमिश्रित	मिलावटी
Adulterate (*v.*)	अपमिश्रण करना	मिलाना
Adulteration (*n.*)	अपमिश्रण	मिलावट, हीनमिश्रण (र०)
Adulterer (*n.*)	व्यभिचारी	
Adultery (*n.*)	व्यभिचार	
Adumberate (*v.*)	छायांकन करना	छाया प्रदर्शित करना
Adumberation (*n.*)	छायांकन	प्रतिबिम्ब, परछाईं
Ad valorem (*adv.*)	मूल्यत:, मूल्यानुसार	
Advance (*n.*)	(१) अग्रगति, (२) अग्रिम देय, अगवढ़	पेशगी
(*v.*)	आगे बढ़ना	
Advance-guard	अग्रगामी अनीक	अग्रगामी सैन्य
Advanced (*p. p.*)	अग्रगत, उन्नत	
Advanced State	उन्नत राज्य	
Advanced money	अग्रदत्त रुपया	
Advancement (*n.*)	अग्रगामिता, बढ़ाव	उन्नति, उत्कर्ष, पदोन्नति
Advancing (*adj.*)	अग्रगामी	
Advancing army	आगे बढ़ती हुई सेना	
Advantage (*n.*)	सुलाभ	सुविधा, लाभ (र०)
Advantage of hereditary executives	आनुवांशिक कार्यकारिणी के सुलाभ	आनुवंशिक शासनाधिकार के लाभ
Adventure (*n.*)	साहस	साहसी कार्य
Adverse (*adj.*)	विपरीत	विरुद्ध, प्रतिकूल
Adverse interest	विपरीत स्वार्थ	विरुद्ध हित
Adverse party	विपरीत दल	विरोधी पक्ष
Adverse possession	विपरीत आधिपत्य	विपरीताधिकार
Adversary (*n.*)	प्रतिद्वन्द्वी	शत्रु (र०)
Advert (*v.*)	ध्यान आकृष्ट करना	मनोनिवेश करना (र०)
Advertise (*v.*)	(१) विज्ञापन देना (२) विज्ञापन करना	प्रकट करना, ढोल पीटना
Advertisement (*n.*)	विज्ञापन	प्रकटीकरण

Advertising (*adj.*)	विज्ञापन-शील	
(*g.*)	विज्ञापन	
Advice (*n.*)	परामर्श	सलाह, मंत्रणादान (र०)
Adviser (*n.*)	परामर्शदाता	सलाहकार, उपदेष्टा
Adviser, Court of Wards	प्रतिपालाधिकरण के परामर्शदाता	उपदेष्टा, प्रपन्नाधिकार (बँ०)
Adviser to the Secretary of State	राज्य-सचिव के परामर्शक	
Advisibility (*n.*)	परामृश्यता	योग्ता, औचित्य
Advisory (*adj.*)	परामर्शदात्री, परामर्श-दाता	सलाहकार
Advisory Board	परामर्शदात्री-पर्षत्	सलाहकार-मंडल
Advisory Committee	परामर्शदात्री समिति	सलाहकार-समिति
Advisory Council	परामर्शदात्री परिषद्	
Advocacy (*n.*)	पक्षपोषण, सम्प्रतिपादक	वकालत
Advocate (*n.*)	अधिवक्ता	एडवोकेट, सम्प्रतिपादक व्यावहारिक (ँ०)
Advocate-General	महाअधिवक्ता, महाव्यावहारिक	प्रधान सरकारी एडवोकेट
Aegis (*n.*)	तायन	छत्रछाया
Aerial (*adj.*)	हवाई	वायवीय
Aerial bombs	हवाई गोले	हवाई बम, वायवीय गोले
Aerial line	वायु-पथ	आकाश-मार्ग
Aerial navigation	वायु-संचालन	विमान-वहन (र०)
Aerial warfare	वायु-युद्ध	आकाशयुद्ध
Aerodrome (*n.*)	हवाई अड्डा	विमानपत्तन, अवतरिका
Aerography (*n.*)	वायु-गति-विज्ञान	
Aeronaut (*n.*)	वैमानिक	व्योमचारी
Aeronautics (*n.*)	वायु-शास्त्र	विमान-शास्त्र
Aeroplane (*n.*)	विमान, वायुयान	हवाई जहाज
Aeroplane-base (*n.*)	विमान-केन्द्र	हवाई अड्डा
Aerostate (*n.*)	वातलिका, गुब्बारा	
Aerostatics (*n.*)	वायुस्थिति-विज्ञान	
Aerostation (*n.*)	व्योम अयण	
Affair (*n.*)	वृत्त	कार्य (र०)
Affect (*v.*)	प्रभावित करना, (२) बनना (३) अभिभावित करना	
Affect prejudicially (*v.*)	मत्सरपूर्वक अभिभावना	प्रतिकूल प्रभावित करना
Affectation (*n.*)	बनाव, हाथ	
Affected (*p. p.*)	प्रभावित, बनकर, अभिभावित	

Affidavit (*n.*)	शपथ-पत्र	बयान हलफ़ी
Affiliate (*v.*)	सम्बन्धित करना	
Affiliated (*p. p.*)	सम्बद्ध	
Affinity (*n.*)	अनुहार	आत्मीयता, विवाह-संबन्ध
Affirm (*v.*)	पुष्टि करना	समर्थन करना, निश्चयवचन, अभिपोषण (र०)
Affirmation (*n.*)	(१) पुष्टिकरण (२) सम्मोदना	जोर देकर कहना
Affirmative (*adj.*)	सम्मोदनात्मक	स्वीकारात्मक
Affirmative agreement	सम्मोदनात्मक ठहराव	०करार (०समनुबन्ध)
Affix (*v.*)	चिपकाना	अनुबन्धित करना
Affixed (*p. p.*)	चिपकाई हुई	
Affixture (*n.*)	चिपकाव	
Afforestation (*n.*)	वन-निवेश	वन लगाना
Affray (*n.*)	बखेड़ा	झगड़ा, हंगामा, कलह
Affranchise (*v.*)	(१) मताधिकार प्रदान करना (२) मुक्त करना	
Affreightment (*n.*)	पोतोद्वहन	जहाज पर माल ले जाने का ठेका
Aforesaid (*p. p.*)	पूर्वोक्त	
Aforethought (*n.*) (*adj.*)	(१) पूर्व-चिन्तन, (२) पूर्व चिन्तित	
After (*adv.*)	पश्चात्	उपरान्त
After-thought (*n.*)	पश्चाद्-चिन्तन	पश्चाद्-विचार
Age (*n.*)	आयु	वय: (र०)
Age and representation	आयु और प्रतिनिधित्व	
Age for suffrage	मताधिकार-आयु	मताधिकारावस्था
Age-limit (*n.*)	आयु-सीमा	वयस्सीमा
Age of consent bill	सहमति-वयोविधेयक, ०विधान-लिपि	सहमति-अधिपत्र
Age of discretion	विवेक-आयु	विवेकवय
Age of majority	वयस्कता	व्यवहार-आयु, सज्ञानता-आयु
Age, Viable	जीवनीय आयु	
Agency (*n.*)	(१) घटककार्य, (२) घटकशाला, आढ़त	ऐजेंसी, प्रतिनिधित्व
Agenda (*n.*)	कार्यसूची	कार्यक्रम
Agent (*n.*)	घटक, एजेंट	प्रतिनिधि, अढ़तिया, अभिकर्त्ता (र०)
Agent-General (*n.*)	महाघटक	प्रधान प्रतिनिधि जो किसी एक देश की ओर से उसके हितों की रक्षा केलिये जाता है, बड़े एजेण्ट, महाभिकर्त्ता

Agent, Political	राजनैतिक घटक	राजप्रतिनिधि
Agent, Polling—	वर्या-घटक	उम्मेदवार की ओर से काम करने वाला व्यक्ति
Agent provocature	उत्तेजक घटक	भड़कानेवाला चर
Agent to the Governor General (AGG)	महाशासक का-घटक, राष्ट्रपाल-प्रतिनिधि	गवर्नर जनरल का एजेंट, महाक्षत्रप का घटक
Aggrandize (*v.*)	महत्त्वापादित करना	
Aggrandizement (*n.*)	महत्वापादन	
Aggravate (*v.*)	गम्भीर करना	विक्षेप करना
Aggravation (*n.*)	गम्भीर-करण	वर्द्धन
Aggregate (*n.*)	समष्टि	जोड़, संयोग, एकत्रित
Aggregate vote	समष्टि मत	सम्पूर्ण मत
Aggregation (*n.*)	समष्टीकरण	समूह, समुदाय, राशि-करण
Aggress (*v.*)	अभिधावन करना	आक्रमण करना
Aggression (*n.*)	अभिधावन	शत्रु का प्रथम आक्रमण, पहिला धावा
Aggressive (*adj.*)	अभिधावनशील	आक्रमणककारी
Aggressive action	अभिधावनात्मक कार्यवाही	आक्रमणात्मक कार्रवाई
Aggressive attitude	अभिधावनात्मक प्रवृत्ति	
Aggressive nation or power	अभिधावनशील राष्ट्र या शक्ति	आक्रमणकारी राष्ट्र
Aggressive policy	अभिधावनात्मक नीति, अभिधावनशीलता	आक्रमणशीलता आक्रमणशीलता
Aggressor (*n.*)	अभिधावक	आक्रमक
Aggressor nation	अभिधावक राष्ट्र	हमला करने वाला देश, धावा बोलने वाला राष्ट्र
Aggrieve (*v.*)	सन्ताप देना	दुःख देना, व्यथा पहुँचाना
Aggrieved (*p. p.*)	सन्तप्त	दुखित, असंतुष्ट, व्यथित
Aggrieved party	संतप्त पक्ष या दल	असंतुष्ट दल या पक्ष
Agitation (*n.*)	आन्दोलन, हलचल	विप्लव
Agitator (*n.*)	आन्दोलनकारी	विप्लवकारी
Agnate (*n.*)	सगोत्र	सपिण्ड
Agora (*n.*)	जनसमुदाय, समाज	यूनानी प्रजा-प्रतिनिधि-सभा
Agrarian (*n.*)	कृषक,	खेतिहर
(*adj.*)	कृषकीय,	कृषिसम्बन्धी, खेतिहर
Agrarian laws	कृषकीय विधान	कृषि-सम्बन्धी कानून
Agrarian party	कृषकीय दल	खेतिहर दल
Agrarian policy	कृषि-नीति	भूमि-प्रबन्ध-सम्बन्धी नीति
Agrarian revolution	कृषक-क्रान्ति	

Agrarian socialism	कृषकसमाजवाद	खेतिहर-समाजवाद
Agrarian unrest	कृषकीय अशान्ति	खेतिहरों में विक्षोभ
Agrarianism (*n.*)	कृषकवाद	भूमिकासम-विभाजन-वाद
Agree (*v.*)	(१) सहमत होना	
	(२) समनुबद्ध होना	सम्मत होना, मान लेना
Agreement (*n.*)	(१) सहमति,	ठहराव, सहमति
	(२) समनुबन्ध, करार, संविदा	
Agreement by way of wager	होड़ का करार, पण-समनुबन्ध	
Agreement in writing	लिखित करार या समनुबन्ध	
Agreement, Void	शून्य समनुबन्ध या करार, शून्य संविदा	
Agreement, Voidable	शून्यात्मक करार	
Agriculture (*n.*)	कृषि	खेती
Agriculture, Board of	कृषि-पर्षत्	कृषिबोर्ड, कृषिसंचालिका
Agriculture, Ministry of	कृषि-मन्त्रि-विभाग	कृषिमन्त्रक (बं) कृषि-सचिवालय
Agricultural (*adj.*)	कृषि-सम्बन्धी	
Agricultural credit	कृषि-साख	खेती-सम्बन्धी साख
Agricultural Department	कृषि-विभाग	
Agricultural Development Commissioner	कृषि-विकास-प्रदेष्टा	कृषि-वर्धन-महाध्यक्ष (बं)
Agricultural Engineer	कृषि-इंजीनियर	कृषि-आंजनिक
Agricultural holding	कृषि-अधिसम्पत्ति	कृषि-सम्पत्ति, खेती की मिल्कियत
Agricultural income	कृषि-आय	
Agricultural income-tax—officer	कृषिआयकर-पदाधिकारी	०आधिकारिक (बं०)
Agricultural land	कृष्य भूमि	खेती के योग्य भूमि
Agricultural procurement	कृषि-समाहार	
Agricultural produce	कृषि-उत्पाद	कृषि-उपज, खेती की उपज
Agriculturist (*n.*)	कृषिजीवी	
Agronomy (*n.*)	कृषिविज्ञान	
Aid (*n.*)	अवलम्ब	सहायता
Aid and advice	अवलम्ब और परामर्श	
Aid-de-camp (*n.*)	अंगरक्षक	
Aim (*n.*)	लक्ष्य लक्ष्य रखना (*v*)	
Air (*n.*)	वायु	
Air-arm (*n.*)	वायु-बल	
Air, Right to	वायु का भोगाधिकार	
Air-Base (*n.*)	वायु-सर	हवाई अड्डा

Air-borne troops	वायुवाहित चमू	हवाई जहाजों से भेजी पदाति सेना,
Aircraft (*n.*)	वायुयान	
Aircraft-carrier (*n.*)	वायुयान-वाहक पोत	
Aircraft-factory (*n.*)	वायुयान-फैक्ट्री	वायुयान का कारखाना
Air-commodore (*n.*)	वायुसेना-नायक	
Air-council (*n.*)	वायुसेनापरिषद्	
Air-crash (*n.*)	विमान-ध्वंस	
Air-defence (*n.*)	विमान-रक्षा	हवाई हमले से बचाव
Air-force (*n.*)	विमानवाहिनी	हवाई सेना
Air-line (*n.*)	वायु-पथ	
Air-Mail (*n.*)	हवाई डाक	विमान-प्रैष (वं)
Airman (*n.*)	विमानचालक	
Air-navigation (*n.*)	विमानसंचालन	
Air-operation (*n.*)	विमान-अभियान	
Air-port (*n.*)	विमान-तीर्थ	विमानपत्तन
Air-precautions (*n.*)	विमान-पूर्वविधानता	
Air-raid (*n.*)	विमान-आक्रमण	हवाई हमला
Air-raid-alarm (*n.*)	विमान-आक्रमण-सूचना	हवाई हमले के खतरे की सूचना
Air-raid-precautions (A. R. P.)	विमान आक्रमण से पूर्वविधानता-(वि० आ० पू०)	हवाई हमले से बचाव
Air-raid-shelters (*n.*).	विमान-आक्रमण-शरण	हवाई हमले के समय छिपाने के स्थान
Air-raid-warning (*n.*)	विमान-आक्रमण-चेतावनी	हवाई हमले की चेतावनी
Air-route (*n.*)	वायु-मार्ग	
Air-ship (*n.*)	वायु-पोत	हवाई जहाज
Air-squadron (*n.*)	वायु-गुल्म	वायुयान-दल
Airtight (*adj.*)	निवात	वायुप्रतिरोधक
Air-transport (*n.*)	विमान-यातायात	वायुयानों द्वारा ढुलाई
Alarm (*n.*)	भय-सूचना	
Alarm-bell (*n.*)	भय-सूचना-घंटी	खतरे की घंटी
Alarm-clock (*n.*)	सूचक घड़ी	
Alarmed (*n. p.*)	भयभीत	भीत
Alarming (*adj.*)	भयोत्पादक, भयावह	भयानक
Alcohol (*n.*)	सुरासार	मद्यसार
Alderman (*n.*)	ज्येष्ठक	नगरशासक, कुलिक
Aldermanry (*n.*)	ज्येष्ठक-पद	

Alias (*n.*)	उपनाम	उर्फ
Alibi (*n*)	अन्यत्रस्थिति	परत्रता
Alien (*adj.*)	अदेशी	विदेशी, अन्यदेशीय (र०)
Alien Amy	अदेशी सुहृद्	
Alien enemy	अदेशी शत्रु	विदेशीय शत्रु
Alien enemies	अदेशी शत्रुवर्ग	
Alien-sedition Acts	अदेशी-राजद्रोह-व्यवस्थायें	अन्यदेशी-राजद्रोह-अधिनियम (र०)
Alienable (*adj.*)	(१) अन्यक्राम्य (२) अदेशीयतायोग्य	अन्यक्राम्य
Alienate (*v.*)	(१) अदेशित करना (२) अधिकार हस्तान्तर करना, अन्यार्पित करना	स्वत्वहस्तान्तरकरण
Alienated lands	हस्तान्तरितभूमि, अन्यार्पित भूमि	अन्यक्रामित भूमि (र०)
Alienation (*n.*)	(१) अदेशीकरण, (२) हस्तान्तरकरण, अन्यार्पण	स्वत्वहस्तान्तरकरण, स्वत्व-अर्पण, अन्यक्रमण (र०)
Alienee (*n.*)	स्वत्वार्पण-ग्रहीता	
Aliens, Domiciled	वासित अदेशी	परदेशी प्रजा
Aliens-restriction Acts	अदेशी-प्रतिबन्ध-व्यवस्था	
Alieniguris	अदेशीय अधिकृत	दूसरे के अधिकार में
Alignment (*n.*)	पंक्ति बांधना	कतार बांधना, सीमासेतु, रेखा-करण
Alimony (*n.*)	निर्वाहव्यय, परिणयभार	भोजन-वस्त्र
Alkali (*n*)	क्षार	
All clear	सब ठीक	हवाई खतरा दूर होने की सूचना
All of a sudden (*adv.*)	एकाएक	
Allegation (*n.*)	आरोप	दोषारोप
Allege (*v.*)	आरोपित करना	अभियोग लगाना
Alleged (*p. p.*)	तथाकथित, आरोपित,	
Allegiance (*n.*)	निष्ठा	राजभक्ति, राजनिष्ठा, अनुषक्ति (र०
Allegory (*n.*)	रूपक	दृष्टान्त
Alleviate (*v.*)	उत्शमन करना	शान्त करना
Alleviator (*n.*)	उत्शामक	
All fours (*adv.*)	सर्वांगत:	सब दृष्टि से
Alliance (*n.*)	मैत्री, संधि	मेल, सख्य
Allied Policy	मित्रराष्ट्र-नीति	संयुक्त-नीति
Allies (*n.*)	मित्रराष्ट्र	
All India Christian Conference	अखिल भारतीय ईसाई सम्मेलन	

All India Congress Committee	अखिल भारतीय कांग्रेस समिति	
All India Federation	अखिल भारतीय संघ	
All India Political Organisation	अखिल भारतीय राजनैतिक संगठन	
All India Prisoners Aid Conference	अखिलभारतीय बन्दी-सहायता सम्मेलन	
All India Shia Conference	अ० भा० शिया ससम्मेलन	
All India Services	अखिल भारतीय राजसेवा	अखिल भारतीय अधिसेवा
All India State People Conference	अ० भा० देशीराज्य प्रजा-परिषद्	
All India Women's Conferencve	अ० भा० महिला-सम्मेलन	
Allmende (*n.*)	समाजसत्ता-पद्धति	
Allness (*n.*)	सर्वता	सर्वत्व, सम्पूर्णत्व
Allocate (*v.*)	प्रतिस्थापित करना	अलग अलग स्थान नियत करना
Allot (*v.*)	नियत करना	निश्चित करना, निस्थापन करना
Allotted (*p. p.*)	निस्थापित, नियत	निर्धारित
Allotment (*n.*)	नियतन	बँटवारा
Allotment-letter (*n.*)	नियतनपत्र	विभाजनपत्र
Allotment-order (*n.*)	नियतन-आदेश	
Allottee (*n.*)	नियतभागी	हिस्सा पानेवाला
All-out aid (*n.*)	समवलम्ब	चतुर्मुखी सहायता
Allow (*v.*)	अभ्यनुज्ञा देना	इजाजत देना, अविमति देना
Allowance (*n.*)	(१) भक्तक भत्ता (२) अभ्यनुज्ञा	(१) उपवेतन (२) मान लेना, अविमति
Allowance for food	भोजन-भत्ता	खुराकी
Allowance-Travelling—	यात्रा-भत्ता (०भक्तक)	सफरखर्च
Allowed (*p. p.*)	अभ्यनुज्ञात (र०)	स्वीकृत, अविमत
All Parties Conference	सर्वदल-सम्मेलन	
All Rights Reserved	सर्वाधिकार सुरक्षित	
Allude (*v.*)	उल्लेख करना	हवाला देना, संकेत करना
Alluvial (*adj.*)		
Alluvial land	कच्छ-भूमि	कछार, अनूप
Alluvian (*adj.*)	अनूपीय, कछारी	
Alluvium (*n.*)	कछार	भाठ, पुलिन
Ally (*n.*)	मित्र	

Aloft (*adv.*)	उच्च	ऊपर
Altar (*n.*)	वेदी	
Alter (*v.*)	परिवर्तन करना	बदलना
Alteration (*n.*)	परिवर्तन	
Alternant (*adj.*)	अवान्तरिक एकान्तर	बारी देकर आने वाला, पर्यायक्रमागत
Alternate (*adj.*)	अवान्तर,	बारी देकर आने वाला
Alternation (*n.*)	अवान्तरकरण	विकल्प
Alternative charge	वैकल्पिक अधिरोप	वैकल्पिक अभियोग
Alternative plea	वैकल्पिक तर्क	वैकल्पिक उत्तर या बहाना
Alternative pleading	वैकल्पिक तर्क देना	
Alternative prayer	वैकल्पिक प्रार्थना	पेश की हुई दो माँगों में से एक की प्रा
Alternative relief	वैकल्पिक परितुष्टि (०सहायता)	पेश की हुई दो माँगों में से एक की म
Alternative vote	वैकल्पिक मत	
Altruism (*n.*)	परमार्थ	परोपकारवाद
Altruist (*n.*)	परमार्थी	
Amalgamate (*v.*)	एकीकरण करना	मिलाना, समामेलन (र०)
Amalgamated (*p. p.*)	एकीकृत	मिला हुआ
Amalgamation (*n.*)	एकीकरण	संयोगीकरण, समामेलन (र०)
Amana community (*n.*)	अमाना-संघ	साम्यवादी समाजविशेष
Ambassador (*n.*)	राजदूत	
Ambassador Extraordinary	असाधारण राजदूत	
Ambassadorial (*adj.*)	राजदूतिक	
Ambassadorship (*n.*)	राजदूतपद	
Ambassadress (*n.*)	राजदूता	
Ambassage (*n.*)	राजदूतत्व	
Ambiguity (*n.*)	संदिग्धता, द्वयर्थता	
Ambigious (*adj.*)	सन्दिग्ध, द्वयर्थक	
Ambition (*n.*)	महत्वाकांक्षा	उच्चाभिलाषा
Ambitious (*adj.*)	महत्वाकांक्षी	उच्चाभिलाषी
Ambivalance (*n.*)	चतुरर्थ	
Ambulance (*n.*)	आहतोपचारिका	
Ambulance-car (*n.*)	आहतोपचारिका-यान	
Ambulance-corps (*i.*)	आहतोपचारी वरूथ	घायलों की परिचर्या करने वाली सेना
Ambulance-ship (*n.*)	आहतोपचारी पोत	घायलों को ले जाने वाली जहाज
Ambulance-train (*n.*)	आहतोपचारी रेलगाड़ी	घायलों को ले जाने वाली रेलगाड़ी
Ambulatory (*adj.*)	विचरणशील	चलने फिरने योग्य
Ameliorate (*v.*)	सुवर्धन करना	सुधारना, समुन्नति करना

Amelioration (*n.*)	सुवर्धन	सुधार, समुन्नति
Ameliorative (*adj.*)	सुवृद्धिकारी	समुन्नतिकारी
Ameliorator (*n.*)	सुवृद्धिकर्त्ता	समुन्नायक
Amenable (*adj.*)	वचनीय	उत्तरदायी
Amend (*n.*)	संशोधन करना	
Amendable (*adj.*)	संशोधनीय	संशोध्य, सुधारने योग्य
Amendatory (*adj.*)	संशोधनात्मक	
Amende (*n.*)	अपमान-तिष्कृति	
Amender (*n.*)	संशोधक	
Amending Act	संशोधिका व्यवस्था	
Amendment (*n.*)	संशोधन	
